राधा मोहन सिंह
RADHA MOHAN SINGH

सत्यमेव जयते

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF AGRICULTURE
& FARMER WELFARE
GOVERNMENT OF INDIA

Adv.(Eco)
Put on our website & everywhere
24/11/15

All to be needful at ONU.
Sr/EA

डी.ओ. संख्याः 2453/ए.एम
दिनांक 09 नवम्बर, 2015

माननीय श्री प्रकाश जावडेकर जी,

सप्रेम नमस्कार,

अंतराष्ट्रीय मृदा, दिवस दिनांक 05.12.2015 को मनाया जा रहा है। इस दिवस को भारतीय कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा पूरे देश में समारोह के रूप में मनाए जाने की रूपरेखा तैयार की गई है जिससे मृदा की गुणवत्ता, उत्पादकता एवं उसके स्वास्थ्य के बारे में समस्त कृषक परिवार एवं आम जन मानस में जागरूकता पैदा की जा सके। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रराम्भ की गई स्वॉयल हेल्थ कार्ड स्कीम यद्यपि राज्य सरकारों के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही है, किन्तु कृषि विश्वविद्यालयों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों व कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा 05.12.2015 को एक समारोह आयोजित कर स्वॉयल हैल्थ कार्ड कृषकों को वितरित किए जाने का आयोजन प्रस्तावित है। उक्त स्वॉयल हैल्थ कार्ड में कृषकवार मिट्‌टी में विद्यमान पोषक तत्वों के बारे में जानकारी व तदानुसार प्रयोग किए जाने वाले उर्वरकों के बारे में संस्तुति उपलब्ध कराई जाएगी जिससे उर्वरकों के संतुलित प्रयोग करने व कृषि उत्पादन बढ़ाने में सहायता मिलेगी । ये कार्यक्रम पूरे देश में विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित होंगे जिसमें आपकी भागीदारी से माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा शुरू की गई इस पहल को आगे बढ़ाने में सफलता मिलेगी। उपरोक्त संस्थानों को भी आपसे संपर्क करने को कहा गया है। विशेष जानकारी हेतु डा.एस.के.चौधरी, सहायक महानिदेशक (मृदा विज्ञान) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली को फोन नं. 011–25848369 एवं मोबाईल नं. 09416189297 पर सम्पर्क किया जा सकता है ।

अतः आपसे अनुरोध है कि स्थानीय स्तर पर किए जा रहे आयोजन में अपनी भागीदारी से कार्यक्रम सफल बनाने की कृपा करेंगे।

शुभकामनाओं सहित,

भवदीय,

(राधा मोहन सिंह)

श्री प्रकाश जावडेकर,
संसद सदस्य (राज्य सभा)
बंगला न0 28, गुरद्वारा रकाब गंज रोड,
नई दिल्ली 110001

MOS (IC)EF&CC
VIP Dy. No. 1710
Date 23/11/2015